भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 712

दिनांक 29.11.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीओपीएसके की स्थापना

712. **श्री राजकुमार रोतः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान के डूंगरपुर जिले के अधिकांश लोग कुवैत और खाड़ी देशों में मजदूर के रूप में काम करते हैं और उन्हें पासपोर्ट आवेदन के लिए उदयपुर जाना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो उक्त जिले से प्रतिवर्ष पासपोर्ट के लिए आवेदन करने वाले साथ ही इसके नवीनीकरण के लिए आवेदन करने वाले तथा विदेश जाने वाले लोगों की संख्या संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार उक्त जिले में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) खोलने का विचार रखती है और यदि हां, तो इसके लिए निर्धारित की गई समय-सीमा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं ?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)

(क) से (घ) विदेश मंत्रालय ने डाक विभाग के साथ मिलकर जनवरी 2017 में देश के प्रत्येक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र (एलएससी), जहां कोई पीएसके या पीओपीएसके नहीं है, में प्रधान डाकघरों (एचपीओ)/डाकघरों (पीओ) में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) नामक सेवा केंद्र खोलने का निर्णय लिया था। आज की तारीख में देश में 93 पीएसके और 442 पीओपीएसके स्थापित किए जा चुके हैं और पासपोर्ट चाहने वालों की जरूरतों को पूरा करने के लिए चालू हैं।

वर्ष 2018 में मंत्रालय ने भारत में कहीं से भी आवेदन करने की नीति शुरू की, जिसके तहत आवेदक यह विचार किए बिना, कि उसके आवेदन पत्र में विनिर्दिष्ट वर्तमान आवासीय पता चयनित पासपोर्ट कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में आता है या नहीं, अपना आवेदन जमा कर सकता है।

राजस्थान का डूंगरपुर जिला बांसवाड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र (एलएससी) के अंतर्गत आता है। बांसवाड़ा में पहले से ही एक पीओपीएसके है जहाँ प्रतिदिन चालीस (40) सामान्य अपॉइंटमेंट और पाँच (05) पीसीसी अपॉइंटमेंट जारी की जाती हैं। अगले कार्य दिवस और छठे कार्य दिवस के लिए क्रमशः अपॉइंटमेंट उपलब्ध है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्थान के डूंगरपुर जिले से प्राप्त आवेदनों और जारी किए गए पासपोर्टों की कुल संख्या निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	**वर्ष**	**प्राप्त पासपोर्ट आवेदन (नए और नवीनीकरण)**	**जारी पासपोर्ट**
i.	2021	3488	3400
ii.	2022	6171	6006
iii.	2023	6208	6019
iv.	2024 (31 अक्तूबर 2024 तक)	4794	4519

*****